कार्यालय लोक सूचना अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर, हनुमानगढ

अपील संख्या:–09/2019 सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत

श्री मोनू पुत्र इन्द्राज जाति छिंपा निवासी 12 डीबीएल डबलीकलां तहसील टिब्बी जिला हनुमानगढ़।

––अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी, टिब्बी।

––प्रत्यर्थी

आदेश दिनांक:–04.04.2019

यह अपील सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी, टिब्बी के संबंध में प्राप्त हुई।

अपीलार्थी उपस्थित। अपीलार्थी के अपील में अंकित तथ्यो के अनुसार लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी, टिब्बी द्वारा सूचना उपलब्ध नही करवाये जाने पर अपीलार्थी द्वारा यह अपील की गई हैं।

लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी टिब्बी से पत्र कमांक 340 दिनांक 3.4.2019 द्वारा जबाव प्राप्त हुआ है।

पत्रावली का अवलोकन किया। लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी, टिब्बी के पत्र क्रमांक 340 दिनांक 03.04.2019 के साथ संलग्न विकास अधिकारी पंचायत समिति टिब्बी के पत्रांक 141 दिनांक 03.04.2019 की प्रति का अवलोकन करने से पाया गया है कि विकास अधिकारी पंचायत समिति टिब्बी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत उपखण्ड अधिकारी टिब्बी को लिखते हुए जिसकी प्रतिलिपि अपीलार्थी को भी प्रेषित की गई है। उपखण्ड अधिकारी टिब्बी के उक्त पत्र कमाक 340 दिनांक 03.4.2019 का अवलोकन करने से उपखण्ड अधिकारी टिब्बी द्वारा उक्त पत्र की प्रतिलिपि अपीलार्थी को सूचनार्थ प्रेषित नही किया जाना पाया गया है। अतः उपखण्ड अधिकारी टिब्बी को निर्देश दिये जाते है कि आप अपने स्तर पर अपीलार्थी को अलग वांछित सूचना के संबंध में सूचना दी जावे। अपीलार्थी की वर्तमान अपील उक्तानुसार निर्णित की जाती है। आदेश की प्रति दोनो पक्षो को भेजी जावे। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफतर की जावे। आदेश की प्रति दोनो पक्षो को भेजी जावे। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफतर की जावे।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
एवं जिला कलक्टर
हनुमानगढ

Web Copy Not Official